## न्यूज ब्रीफ

### चोरों ने घर को बनाया निशाना, नकदी व लाखों के जेवर उड़ाए

**भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम नगला में चोरों ने घर में घुसकर 70 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम नगला निवासी हरिशंकर ने बताया कि बुधवार देर रात चोर घर के पिछले दरवाजे से अंदर घुस आए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 70 हजार रुपये, सोने का हार, दो जोड़ी कुंडल, एक पेंडल, चांदी की हंसली, दो जोड़ी पायल व तगड़ी चोरी कर ली। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के ताले टूटे हुए थे। पैसे व जेवर गायब था। एसएचओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने 35 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने अटुंआ तिराहे से मोहम्मद अरबाज निवासी बल्लिया थाना भमोरा को 35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बरामद स्मैक की कीमत तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने बताया कि वह सस्ते दामों में स्मैक खरीदता है। बाद में उसे महंगे दामों में बेचता है। 15 अप्रैल को उसने रेलवे फाटक के पास से एक व्यक्ति से स्मैक खरीदी थी। पुलिस टीम में कार्यवाहक थाना अध्यक्ष राजीव कुमार, उप निरीक्षक हेमंत सिंह आदि शामिल रहे।

### 50 बीघा पराली में लगी आग, पुलिस व दमकल टीम ने बुझाई

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर रूटिया गांव और भंडारा गांव के जंगल में करीब 50 बीघा से ज्यादा खेतों की पराली जल गई। गनीमत रही कि गेहूं की फसल कट चुकी थी। पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने 1 घंटा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार्यवाहक थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में किसी की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### घरेलू कलह में महिला ने दी जान, पुलिस पति से कर रही पूछताछ

**आंवला, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते शबाना पत्नी अशफाक अंसारी निवासी मोहल्ला नई बस्ती ने गुरुवार शाम फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पति अशफाक उसे तुरंत सीएचसी पर ले गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां नसीम बानो व पिता जहीर अहमद निवासी जिला बदायूं मोहल्ला कबूलपूरा को सूचना दी गई। नसीमबानो ने बताया कि अशफाक मजदूरी करता है। बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। सीओ नितिन कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। परिजनों से अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल, पुलिस अशफाक से पूछताछ कर रही है।

### दो किशोरियों को फुसलाकर ले गए रिपोर्ट दर्ज

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** दो गांवों से दो किशोरियों को उनके प्रेमी फुसलाकर अपने साथ ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र दो गांवों में रहने वाली किशोरियों को उनके गांव के ही रहने वाले युवक बहलाकर ले गए। दोनों घर से आभूषण व नकदी लेकर गई हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अराध्या ने तहसील टॉप किया, दूसरे स्थान पर रहीं गुलनूर

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10 वीं में गॉडविन पब्लिक स्कूल की स्टूडेंट अराध्या ने तहसील टॉप किया। उन्होंने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। मिशन एकेडमी की छात्रा गुलनूर ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। नेशनल पब्लिक स्कूल की स्टूडेंट आयुषी असवाल ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉप किया।

गॉडविन पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। अदिति चौधरी ने 97, रमशा फातिमा ने 96 फीसदी अंक प्राप्त किए। कॉलेज के प्रबंधक रंजीत सिंह व प्रिंसिपल संजय भंडारी ने अच्छे रिजल्ट के लिए बच्चों के साथ टीचर्स को बधाई दी। वहीं, मिशन एकेडमी का रिजल्ट भी शतप्रतिशत रहा। रितिक मौर्य 97.2,दीक्षा ने 94.4, भव्या ने 94,गीता ने 93.8, सिदरा और ज़िकरा ने 93.6,अलशीफा और मुस्तबी ने 93.2,आनंद प्रताप ने 92.8,आकृति ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। शीतल, दिव्य, खादीजा और उवैस ने भी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। प्रबंधक एमएस गंगवार, मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर गंगवार, कार्यकारी डायरेक्टर वैभव गंगवार व प्रिंसिपल चंद्र शेखर ने अच्छे रिजल्ट पर खुशी जताई।



गॉडविन पब्लिक स्कूल में खुशी मनाते स्टूडेंट्स। • अमृत विचार

- गॉडविन पब्लिक स्कूल, मिशन एकेडमी व नेशनल पब्लिक स्कूल का परिणाम शतप्रतिशत रहा

नेशनल पब्लिक स्कूल में आयुषी असवाल ने 97.2, आकांक्षा गंगवार 94, शाइना बी ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। आशीष और श्रेय ने 92.4, वेदांशी ने 92.2 और यशवीर ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के मैनेजर निरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, प्रिंसिपल मनोज कुमार आदि ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को बधाई दी। वहीं, मिशन ग्लोबल एकेडमी के स्टूडेंट मोहम्मद यासिर और माहिरा सिद्दीकी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। कनिष्क ने 82.4 अंक हासिल किए। मैनेजर जितिन सक्सेना, संरक्षक आरके सक्सेना ने बच्चों को और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।



मिशन एकेडमी में स्टूडेंट व टीचर। • अमृत विचार

## सीबीएसई 10 वीं के होनहार



आराध्या।



आशीष गंगवार।



रमशा फातिमा।



दिव्यांशी अरोरा।



सृष्टि।



आयुषी।



स्नेहा।



वेदांशी गंगवार।



आदित चौधरी।

### व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम पर व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को व्याख्यान का आयोजन विभागीय सभागार में किया गया।मुख्य वक्ता डॉ. अनूप अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आत्म-पहचान, इच्छाशक्ति के विकास तथा व्यक्तित्व में निखार लाने के विभिन्न आयामों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

### बहेड़ी के सलीम सिलीगुड़ी में बने कांग्रेस के पर्यवेक्षक

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के कांग्रेस नेता सलीम अख्तर को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी विधान सभा में पार्टी का चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसकी सूचना जारी की है। सिलीगुड़ी में सलीम अख्तर की नियुक्ति को चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।



### भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** हरियाणा की एक महिला ने कुछ लोगों पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। हरियाणा निवासी राजीव राणा की पत्नी बबली ने बताया कि गांव खिलचीपुर में उनकी जमीन है। भूमि को लेकर उनका नरेली निवासी एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। गुरुवार को विपक्षियों ने जमीन पर कब्जा कर लिया। वह शुक्रवार को अफसरों से शिकायत करेंगी। थाना प्रभारी प्रयाग सिंह ने बताया कि राजस्व टीम ने आधिकारिक कब्जा विपक्षी पक्ष को पहले ही करा दिया था। वही जमीन जोत रहे हैं।

# मानदेय नहीं मिलने पर रोजगार सेवकों ने शुरू की हड़ताल

## रोजगार सेवकों ने डीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन, कहा- परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा, मांगों पर सुनवाई नहीं होने पर तेज होगा आंदोलन

मीरगंज, अमृत विचार

रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर रोजगार सेवकों ने लंबित मानदेय भुगतान व अन्य मांगों को लेकर गुरुवार से सांकेतिक कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी। रोजगार सेवकों ने बीडीओ को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत वीपी सिंह को सौंपा। कहा कि कई महीनों से मानदेय और ईपीएफ का भुगतान लंबित है। इससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में कठिनाई आ रही है। बताया कि कई बार अधिकारियों को समस्या से अगवत कराया जा चुका है मगर अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान लंबित भुगतान शीघ्र कराने, मानदेय के लिए पृथक बजट की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। यह सांकेतिक हड़ताल 25 अप्रैल तक चलेगी। सत्यपाल, खेमकरन लाल, सुमन, रोहिताश कुमार, छेदालाल,आशीष वर्मा, संजीव, जयसिंह, धर्मपाल समेत बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

**फरीदपुर :** मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी। गुरुवार को मनरेगा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी की गैर मजूदगी में सहायक विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मनरेगा कर्मियों ने स्पष्ट कह दिया है जब तक मानदेय नहीं मिल जाता है तब तक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। ज्ञापन देने वालों प्रधान संघ अध्यक्ष ओमवीर गुर्जर, रामसेवक, अनिल कुमार, अनूप कुमार आदि शामिल रहे।





मीरगंज में एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। • अमृत विचार



भुता ब्लॉक में भी रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंपा। • अमृत विचार

### मांगों को उठाया

**भुता, अमृत विचार :** ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) व वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विकासखंड के रोजगार सेवकों व पंचायत मित्र कर्मियों ने मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। उनका कहना था कि लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने सहित अन्य मांगें लंबित हैं, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।



फरीदपुर में रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंपकर आक्रोश जताया। • अमृत विचार

### खेत में घेरकर हमला, फायरिंग कई घायल

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** अमृत विचारःथाना क्षेत्र के धर्मपुर रिठौरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर खेत में घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित अरविंद यादव के अनुसार 13 अप्रैल की रात उसका भाई योगेश यादव भाइयों गोपाल, सचिन, अमित आदि के साथ खेत से लौट रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद हमलावर तमंचा, डंडा व अन्य हथियार लेकर खेत पर पहुंच गए और हवाई फायरिंग करते हुए हमला बोल दिया। मारपीट में गोपाल, सचिन, अमित समेत कई लोग घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में फुफेरे भाई की मौत, ममेरा घायल

नवाबगंज, अमृत विचार

बरेली-पीलीभीत हाईवे पर रिछोला गांव के पास सड़क हादसे में 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई घायल हो गया।

गांव हरदुआ किफायतुल्ला निवासी मोहम्मद अशरफ का पुत्र मोहम्मद अमन (13) ममेरे भाई मोहम्मत आतिफ (11) के साथ चार दिन पहले गांव रिछोला किफायतुल्ला स्थित ननिहाल में आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। दोनों बच्चे बरेली-पीलीभीत हाईवे के किनारे खड़े थे, तभी बरेली की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने अमन की हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया। परिजन उसे दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### वाहन ने घोड़ा बग्गी में मारी टक्कर, दो घोड़ों की मौत

**भमोरा,अमृत विचार :** आंवला के मोहल्ला अनूपुरा निवासी आसिफ शादी समारोह में घोड़ा बग्गी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। बुधवार देर रात वह गांव सिरोही में आई एक बरात में बग्गी लेकर गया था। वह देर रात घर लौट रहा था। नितोई गांव के पास अज्ञात वाहन ने बग्गी में टक्कर मार दी। दोनों घोड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आसिफ घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जिला बदर आसिफ को जिले की सीमा से बाहर किया

**बहेड़ी, अमृत विचार :** पुलिस ने जिला बदर युवक को जनपद की सीमा के बाहर कर दिया। पुलिस ने उसे जिले की सीमा में न रहने की ताकीद की। पुलिस के मुताबिक आसिफ पुत्र मोहम्मद अली निवासी शेखुपुरा को न्यायालय जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में जिलाबदर किया गया है। पुलिस टीम आरोपी को लेकर जनपद की सीमा तक पहुंची और उसे उत्तराखंड जनपद उधम सिंह नगर के थाना पुलभट्टा बॉर्डर की ओर छोड़ दिया।



जिलाबदर को सीमा पर छोड़ती पुलिस।

## न्यूज डायरी

### बीईओ के सामने रखी विद्यालय समय परिवर्तन की मांग


**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर शीशपाल सिंह ने गुरुवार को कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। वह सबसे पहले हरेला उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कजरौटा, उचसिया ,झादा, कुठिला, लखनपुर, फतेहगंज पूर्वी ,अशोकपुर, निवाडिया समेत सिमरा गांव के विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिन विद्यालयों में अनियमिताएं पाई गईं, उनके प्रधानाध्यापकों को सुधार के निर्देश दिए। वहीं, प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष सुनील शुक्ला,ब्लॉक अध्यक्ष कामरान खान, ब्लॉक मंत्री मनोज मिश्रा ,ब्लॉक उपाध्यक्ष राहुल सिंह, शिवम अग्रवाल, क्षितिज चौहान ,शुभम सक्सेना, भूप सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विद्यालयों के समय के परिवर्तन की मांग की । तहसील अध्यक्ष ने बताया कि गर्मी के चलते विद्यालयों का समय सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करने की बात कही है ।





### स्कूल चलो अभियान : निकाली जागरूकता रैली

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय दुतिए स्कूल की प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय सेकंड की प्रधानाध्यापिका रुचि अग्रवाल ने बताया कि स्कूल में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए मोहल्ला ठाकुरद्वारा, साहूकारा, माली, नौगवा आदि जगहों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। समापन के बाद वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। भाजपा जिला मंत्री संजय चौहान, सभासद धर्मेंद्र सिंह उर्फ मोनू ठाकुर, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, गौरव मिश्रा, अलका सिंह, अनीता मौर्य, स्वाति चाहल, सविता हिरोलिया, मिथिलेश यादव, सुनीता देवी, अर्चना अग्रवाल मौजूद रहीं।



### कुएं से रेस्क्यू कर सांड़ को निकाला

**शेरगढ़, अमृत विचार :** गांव बिहारीपुर इस्तमुरार में गुरुवार तड़के सांड़ गहरे कुएं में गिर गया। ग्राम प्रधान मोहम्मद असलम ने पुलिस और पशुपालन विभाग को सूचना दी। उप निरीक्षक विजय तेवतिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ समर राही के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से रस्सी और जेसीबी के सहारे सांड़ को कुएं से बाहर निकाला।

### बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का स्वागत किया

**मीरगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का स्वागत समारोह हिंदुस्तान फार्मा परिसर में हुआ। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू भारती, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश कुर्मी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरबाज सिद्दीकी, सभासद राशिद हुसैन, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर फैजान और भाजपा नेता महावीर नागर सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने बार अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय एडवोकेट, महासचिव हरीश कुमार लाखा एडवोकेट, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार प्रथम एडवोकेट और सह सचिव प्रेमपाल मौर्य एडवोकेट का स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियेंद्र चौधरी, एडवोकेट देवेश कुमार, एडवोकेट मुराद बेग, एडवोकेट रईस अहमद, एडवोकेट नसीमुल हसन और एडवोकेट वीरेंद्र को भी सम्मानित किया गया।



# नारी वंदन : रैली निकाली, नारी शक्ति श्रृंखला बनाई

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में गुरुवार को नारी वंदन अधिनियम 2023 के संदर्भ में जागरूकता फैलाने को रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं व शिक्षकों भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण से जुड़े नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. एस के सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं, जेपीएस. इंटर कॉलेज, सिधौली में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को नारी शक्ति के महत्व एवं समाज में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया गया। प्रबंधक कृतज्ञ सिंह, प्रधानाचार्य इरशाद अहमद, राजपाल सिंह, प्रीति शर्मा, कपिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हर्षित भारद्वाज, विवेक रुहेला, जितेंद्र कुमार, ममता मौर्य, देवेश कुमार पाल, संयोगिता गंगवार, रेनू गंगवार, सरस्वती गंगवार आदि उपस्थित रहे। इस दौरान नारी शक्ति श्रृंखला भी बनाई गई।



नारी शक्ति श्रृंखला बनातीं छात्राएं। • अमृत विचार

### नारी शक्ति वंदन के बारे में दी जानकारी





**रिठौरा, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, कलारी में बृहस्पतिवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन के बारे में जानकारी दी। कहा कि जमीनी स्तर पर इसे लागू कराना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष शकुंतला देवी, प्रधानाचार्या एकता सक्सेना, डॉ शिखा अग्रवाल,शालिनी सक्सेना, मोनिका सागर,हेमलता गंगवार, सोहन सिंह, सोमवीर पूजा आर्या, अजीता, पुष्पलता मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से चार हथगोले बरामद किए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर व मोहाली के विशेष अभियान प्रकोष्ठों और पंजाब पुलिस की 'काउंटर इंटेलिजेंस विंग' के संयुक्त अभियान में दो विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान अमृतसर के गल्लूवाल निवासी सागर सिंह के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और चंडीगढ़ में हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल आतंकी मॉड्यूल से उसके संबंध हैं।

### जयपुर में 1422 लीटर घी जब्त, बिलौना घी के एक बैच पर प्रतिबंध

**जयपुर।** राजस्थान में मिलावट के खिलाफ चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान के तहत जयपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई कर 1422 लीटर घी को जब्त किया और बिलौना घी के एक बैच पर प्रतिबंध लगाया हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि मैसर्स शंकर एजेंसी का निरीक्षण कर गुलकंद सिरप, गवावा क्रश, पपीता प्रिजर्व फूड, सोया सॉस, चिली सॉस एवं कॉन्टिनेंटल सॉस के कुल छह नमूने लिए गए। मिलावट के संदेह पर मौके पर 99 लीटर गुलकंद सिरप, 22 लीटर गवावा क्रश, 97 किलोग्राम पपीता प्रिजर्व फूड, 142 किलोग्राम सोया सॉस, 78 किलोग्राम ग्रीन चिली सॉस, 120 किलोग्राम कॉन्टिनेंटल सॉस को सीज किया गया।

# परिसीमन विधेयक पारित हुआ तो देश में खत्म हो जाएगा लोकतंत्र : प्रियंका

## कहा- लोकसभा के वर्तमान संख्या बल के आधार पर लागू किया जाए महिला आरक्षण

- ओबीसी को भागीदारी देने की मंशा न होने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सत्ता बने रहने के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि यदि परिसीमन के प्रावधान वाला विधेयक पारित हो गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को लोकसभा के वर्तमान संख्याबल 543 के आधार पर महिला आरक्षण को लागू करना चाहिए और जाति जनगणना के बिना परिसीमन नहीं होना चाहिए।

प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार यह विधेयक लाई है क्योंकि वह ओबीसी को भागीदारी नहीं देना चाहती है। 2011 की जनगणना को परिसीमन का आधार बनाकर प्रधानमंत्री ओबीसी वर्ग का हक छीनना चाह रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा कभी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा, अगर प्रधानमंत्री महिलाओं का सम्मान करते हैं तो महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं करते। अगर प्रधानमंत्री ने यह ऐतिहासिक कदम ईमानदारी से उठाया होता तो पूरा सदन इसका समर्थन करता।



लोकसभा में परिसीमन संबंधी बिधेयक पर बोलतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी।

### राजीव गांधी के समय में पंचायतों में कांग्रेस ने लागू किया महिला आरक्षण, भाजपा ने किया था विरोध

प्रियंका ने कहा, पंचायतों और निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कांग्रेस की सरकार ने राजीव गांधी जी के नेतृत्व में संसद में पेश किया था। लेकिन उस समय ये प्रावधान पारित नहीं हो पाए। आज प्रधानमंत्री ने भी इसका जिक्र किया लेकिन हमेशा की तरह उन्होंने आधी बात ही बताई। प्रधानमंत्री जी ने बताया कि उस समय इस प्रावधान का विरोध हुआ, लेकिन यह नहीं बताया कि किसने विरोध किया। सच्चाई यह है कि तब आपने (भाजपा) ही इस विधेयक का विरोध किया था।

### शाह से कहा- चाणक्य होते तो वह भी आपकी कुटिलता पर चौंक जाते

प्रियंका ने अपने भाषण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के हंसने का उल्लेख किया और हुए उन पर तंज कसते हुए कहा, गृह मंत्री हंस रहे हैं, पूरी योजना बना रखी है... यदि आज चाणक्य जिंदा होते तो वह भी चौंक जाते आपकी राजनीतिक कुटिलता पर। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी समस्याओं से घिरे हुए हैं और उनके ऊपर बहुत अंतरराष्ट्रीय दबाव है। हालात ये हैं कि महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक कदम को उन्होंने सत्ता बनाए रखने का एक कमजोर बहाना बनाया है। उन्होंने कहा, क्या प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से घबरा रहे हैं कि जब असल आंकड़ें आएंगे तो पता चलेगा कि ओबीसी वर्ग कितना बड़ा है। प्रियंका ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि महिला आरक्षण को 2029 से लागू किया जाए लेकिन सरकार ने यह बात नहीं मानी थीं।



### स्टालिन ने जलाई परिसीमन विधेयक की प्रति, बोले- यह तमिलों को अपने ही देश में शरणार्थी बना देगा

- पूरे तमिलनाडु में काले झंडे लगाकर मनाया गया काला दिवस

**चेन्नई।** परिसीमन विधेयक के विरोध में काला झंडा फहराते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने गुरुवार को इस मसौदे की प्रति जलाई और इसे एक ऐसा विधायी कदम बताया जिसका उद्देश्य तमिल लोगों को उनके अपने ही देश में शरणार्थी बनाना है। स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं उस विधेयक की प्रति जलाकर एक और आग सुलगा रहा हूं, जो तमिलों को अपने ही देश में शरणार्थी बना देगा। यह आग पूरे द्रविड़ क्षेत्र में फैल जाएगी और भाजपा के अहंकार को तोड़ेगी। द्रमुक और उसके इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल परिसीमन विधेयक के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए घरों और सार्वजनिक स्थानों पर काले झंडे लगाकर काला दिवस मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नमक्कल में काला झंडा फहराया, वहीं चेन्नई स्थित द्रमुक मुख्यालय के साथ अन्य जिलों में द्रमुक के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन के नेताओं के आवासों पर भी पूरे राज्य भर में काले झंडे लहराते दिखे।

# किसी राज्य को नुकसान नहीं : मेघवाल

- कहा- कोई ताकत देश में लोकतंत्र को समाप्त नहीं कर सकती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए लोकसभा में कहा कि प्रस्तावित परिसीमन से किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा और जिसकी जो ताकत है वो बनी रहेगी।

उन्होंने सदस्यों का आह्वान किया कि वे इन विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित करें। उन्होंने 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि आज उस ऐतिहासिक निर्णय को लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने सरकार की सामाजिक न्याय से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सरकार के पास नीयत और नीति है और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में सशक्त नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक को लागू करने से महिलाओं को राजनीतिक न्याय मिलेगा।



लोकसभा में विपक्षी सांसदों के सवालों का जवाब देते गृहमंत्री अमित शाह।

### दक्षिणी राज्यों को अधिक सीटें मिलेंगी : सूर्या

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष पर महिला आरक्षण कानून में संशोधन से संबंधित विधेयकों पर जनता को गुमराह करने के लिए दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया और दावा किया कि परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों को अधिक सीटें मिलेंगी। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का परिसीमन को राज्य की जीडीपी से जोड़ने का सुझाव अव्यावहारिक है और इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसमें मुकेश अंबानी के पास एक लाख वोट होंगे, जबकि आम आदमी के पास केवल एक वोट होगा।

### परिसीमन को जोड़ना राजनीतिक नोटबंदी: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष राजनीतिक नोटबंदी को सफल नहीं होने देगा। संसद भवन परिसर के बाहर थरूर ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण को परिसीमन से अलग करके तुरंत लागू कर सकती है और विपक्ष इस कदम का समर्थन करेगा। थरूर ने कहा, मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि हमें महिला आरक्षण से कोई समस्या नहीं है, वे इसे तुरंत कर सकते हैं, लेकिन परिसीमन को क्यों शामिल किया जा रहा है।

## जाति जनगणना को टालना चाहती है भाजपा: अखिलेश

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा में आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण विधेयक के बहाने नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के लिए आरक्षण के समर्थन में है, लेकिन भाजपाई चालबाजी के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, जिन लोगों ने नारी को अपने संगठन में नहीं रखा, वे उनका मान-सम्मान कैसे रखेंगे। जिस मूल संगठन से आप निकले हैं, उसमें मान-सम्मान के लिए कितनी नारी हैं। सच यह है कि भाजपा जनगणना को टालनी चाहती है, वह जाति जनगणना को टालना चाहती है और ऐसा कर वह आरक्षण को टालना चाहती है। उन्होंने सरकार पर आधी आबादी में मुस्लिम महिलाओं को नहीं गिनने का आरोप लगाते हुए कहा, हमारी मांग है कि आधी आबादी में पिछड़े और मुस्लिम महिलाओं को भी शामिल किया जाए।



# विधेयक पारित कराने के लिए राजग के पास संख्या बल नहीं

- लोकसभा में राजग के सिर्फ 293 सदस्य, चाहिए 360 सदस्यों का समर्थन

**नई दिल्ली।** संसद में महिला आरक्षण विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पारित कराने के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास आवश्यक संख्याबल नहीं है। विधेयक जरूरी मतों के साथ तभी पारित हो सकता है जब राजग को दूसरे दलों के समर्थन हासिल हो या उनमें से कुछ मतदान से अनुपस्थित हो जाएं।

लोकसभा में राजग को 293 सदस्यों का समर्थन है जो 54 प्रतिशत है, जबकि विपक्ष के पास 233 सांसद हैं। सात निर्दलीय हैं, सात सांसद वाईएसआरसीपी, एआईएमआईएम और शिरोमणि अकाली दल जैसे दलों से हैं, जिन्होंने अभी तक विधेयकों का समर्थन नहीं किया है। संविधान संशोधन विधेयक सहित विधेयकों के समर्थन के लिए 360 सांसदों की जरूरत है, जो उपस्थित और मतदान करने वाले सांसदों की संख्या के दो-तिहाई के बराबर है। विधेयकों को लोकसभा से मंजूरी मिलने के लिए सपा 37 सांसद, तृणमूल कांग्रेस 28 सांसद या द्रमुक 22 सांसद में से कम से कम दो मुख्य विपक्षी दलों को अनुपस्थित रहना होगा। कांग्रेस के 98 सांसद हैं। लोकसभा में भाजपा के 240 सांसद, तेदेपा के 16 और जदयू के 12 सांसद हैं। यदि विधेयकों को लोकसभा की मंजूरी नहीं मिलती है, तो उन्हें राज्यसभा में नहीं लाया जाएगा।

राज्यसभा में राजग के पक्ष में 141 सांसद हैं, जो 58 प्रतिशत है। विपक्ष के 83 सांसद हैं। कई छोटे दलों और निर्दलीय 20 सांसद हैं जिनके समर्थन से फैसले पर असर पड़ सकता है। भाजपा के 107, कांग्रेस के 28, तृणमूल के 13, आप के 10 और द्रमुक के आठ सांसद हैं। सूत्रों के अनुसार, कई भाजपा सांसदों ने निजी तौर पर स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है।

# न्यायिक सेवाओं में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

- सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता वकील से कहा- ऐसी याचिकाएं दायर कर हमें शर्मिंदा न करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सेवाओं में 50 प्रतिशत पदों को भरने तथा विधि अधिकारियों और सरकारी वकीलों के रूप में नियुक्ति के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों पर विचार करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ऐसी याचिकाएं दायर न करें। सीजेआई ने तीनों याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन से कहा, हमें शर्मिंदा न करें और अपने लिए जटिलताएं पैदा न करें। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि विधि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और ऐसे बदलाव एक दिन में नहीं होते। पीठ ने यह भी कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे को न्यायिक क्षेत्र में उठाना उचित नहीं होगा, जब तक कि विशेष तथ्यों और परिस्थितियों में हस्तक्षेप की आवश्यकता न हो।

# वेदांता कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत कई पर प्राथमिकी

- छत्तीसगढ़ के सक्ती बिजली संयंत्र में हुए धमाके में 20 श्रमिकों की मौत का मामला

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने सक्ती जिले में वेदांता के विद्युत संयंत्र में हुए धमाके में 20 लोगों की मौत की घटना के बाद वेदांता कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत संयंत्र प्रबंधन के अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक यह मामला डाभरा थाने में तहत दर्ज किया गया है।

यह धमाका 14 अप्रैल को सिंघीतराई गांव में स्थित संयंत्र में हुआ था। उस समय बॉयलर से टर्बाइन तक उच्च दाब वाली भाप ले जाने वाला एक स्टील का पाइप फट गया था, जिससे कई मजदूर बुरी तरह झुलस गए थे। इस घटना में 20 लोगों की मौत हो गई थी और 16 घायल हो गए। घटना की जांच जारी है और मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट सहित कई रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# हिमाचल : छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने वाले तीन सहायक प्रोफेसर बर्खास्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में तीन सहायक प्रोफेसर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा उनके भविष्य में नियोजन पर भी रोक लगा दी है।

सरकार ने यह कार्रवाई शिमला के लोहारब स्थित जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला महाविद्यालय में कथक नृत्य के सहायक प्रोफेसर पवन कुमार, हमीरपुर जिले के नादौन स्थित सिद्धार्थ सरकारी महाविद्यालय में रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार और शिमला के चौड़ा मैदान स्थित राजीव गांधी सरकारी डिग्री महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र शर्मा पर की है। पवन कुमार पर एक छात्रा ने जनवरी 2024 में सात महीनों तक निरंतर यौन उत्पीड़न करने तथा उसे अपने आवास पर ले जाने का आरोप लगाया था। उसे 31 अगस्त 2024 को निलंबित किया गया था। सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय के डॉ. अनिल पर नवंबर 2024 में एक छात्रा ने बार-बार गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया, उसे 27 नवंबर 2024 को निलंबित किया गया था। दिसंबर 2021 में एक छात्रा ने डॉ. वीरेंद्र शर्मा पर अनुचित संदेश भेजने और छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए थे।

### भविष्य में भी कहीं नहीं पा सकेंगे नौकरी



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल में अपील स्वीकार होने पर जारी हो संशोधित पूरक मतदाता सूची

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, कहा- अपील लंबित रहने मात्र से नहीं प्राप्त हो जाता मताधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ जिन मतदाताओं की अपील अपीलीय न्यायाधिकरणों ने स्वीकार कर ली हैं, उनके नाम शामिल करने के बाद संशोधित पूरक मतदाता सूची जारी की जाए। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनकी अपील अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष केवल लंबित रहने मात्र से उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।



पीठ ने 13 अप्रैल को पारित आदेश में कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए निर्वाचन आयोग को निर्देश देते हैं कि जहां भी अपीलीय न्यायाधिकरण 21 अप्रैल 2026 या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलों का फैसला कर दें, वहां उन फैसलों के आधार पर पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए और उसी के अनुसार संबंधित लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाए। इसने यह भी स्पष्ट किया, हालांकि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनकी अपील अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष केवल लंबित रहने भर से उन्हें मतदान का अधिकार नहीं मिल जाता। न्यायालय ने 13 लोगों के एक समूह की उस याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।

### कोर्ट के फैसले पर गर्व, मैं बहुत खुश हूं : ममता

पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि मतदाता पंजीकरण पर कोर्ट के निर्देश को लागू करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन सुव्यवस्थित कर दिया गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने इस फैसले का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह निर्देश उनके द्वारा दायर एक मामले में दिया है। उन्होंने कूच बिहार में कहा, जिनके नाम मतदाता सूची से छूट गए हैं, उन्हें न्यायाधिकरण में आवेदन करना चाहिए। उन्हें निश्चित रूप से अपना मताधिकार वापस मिल जाएगा। मैं बहुत खुश हूं। यह फैसला मेरे द्वारा दायर एक मामले में आया है। मुझे न्यायपालिका पर गर्व है। आज मुझसे ज्यादा खुश कोई नहीं है। पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के सहप्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि उनकी पार्टी ने लाखों अपील और आपत्तियां दायर की हैं, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई होनी चाहिए।

# महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन को जोड़ना साजिश है: बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की साजिश है।

बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।



जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर कार्ड बांटने का जिक्र करते हुए, बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।

# तृणमूल के सर्वाधिक करोड़पति उम्मीदवार, भाजपा दूसरे नंबर पर

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तृणमूल कांग्रेस के सबसे अधिक करोड़पति उम्मीदवार मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के बाद भाजपा के सबसे अधिक अमीर उम्मीदवार हैं। कांग्रेस इस मामले में तीसरे नंबर है जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का चौथा नंबर है।

पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों से 1478 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तृणमूल कांग्रेस के 106 उम्मीदवारों के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति है।पहले चरण में तृणमूल कांग्रेस ने 148 उम्मीदवार उतारे हैं और करोड़पति उम्मीदवारों का प्रतिशत कुल उम्मीदवारों का 72 प्रतिशत है।

भाजपा के पास दूसरे सबसे अधिक अमीर उम्मीदवार हैं। उसके 152 उम्मीदवारों में से 71 के पास 1 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के 50 उम्मीदवार करोड़पति हैं जबकि माकपा के 24 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इस पहले चरण में पहले सबसे अमीर तीन उम्मीदवार भी तृणमूल कांग्रेस से ही हैं। इनमें जंगीपुर सीट से लड़ रहे जाकिर हुसैन ने अपने हलफनामे में कुल संपत्ति 133 करोड़ रुपये से अधिक बताई है। बरजोरा से उम्मीदवार गौतम मिश्रा ने 105 करोड़ दुर्गापुर पश्चिम सीट से उम्मीदवार कबी दत्ता ने 72 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है।



जनसम्पर्क करते टीवीके प्रमुख विजय।

### चुनाव घोषणा पत्र : टीवीके प्रमुख बोले- महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और निर्धन तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण और बच्चों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से रोकने के लिए माताओं को प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये देने का भी आश्वासन दिया। विजय ने पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के लिए पूर्ण सहकारी फसल ऋण माफी और धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया।

